# DAYANAND COLLEGE, HISAR

# COMMERCE DEPARTMENT ACTIVITIES


# SESSION 2025-26

1. Department organized a "Debate Competition" held on 22nd August, 2025 in reference to "World Entrepreneurship Day".
2. Students of Commerce department visited at "Swadeshi Mela" at Conventional Hall, Flamingo, Haryana Tourism, Hisar on 23th August, 2025.
3. Department of Commerce organized a "Slogan Writing Competition" to celebrate "World Entrepreneurship Day" on 25th August, 2025.
4. Department of Commerce organized a "VicharGoshthi Competition" to celebrate "World Entrepreneurship Day" on 26th August, 2025.
5. Department of Commerce organized a "Poster Making Competition" to celebrate "World Entrepreneurship Day" on 27th August, 2025.
6. Department organized a programme on "Interaction with Entrepreneurs" on 3rd September, 2025.
7. Department organized a workshop on "GST Filing & Compliance" on 11th-12th Feb, 2026.

Incharge

Department of Commerce

**Department organized a "Debate Competition" held on 22nd August, 2025 in reference to "World Entrepreneurship Day".**




Incharge
Department of Commerce

# दयानन्द महाविद्यालय, हिसार में 'विश्व उद्यमिता दिवस' के उपलक्ष्य में 'एंटरप्रेन्योरशिप पखवाड़ा' थीम के तहत डिबेट कॉम्पिटिशन का आयोजन





-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 22 अगस्त :** दयानन्द महाविद्यालय के डिबेटिंग सोसाइटी, वाणिज्य, प्रबंधन एवं अर्थशास्त्र विभाग द्वारा 'विश्व उद्यमिता दिवस' के उपलक्ष्य में 'एंटरप्रेन्योरशिप पखवाड़ा' थीम के तहत डिबेट कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि इस तरह की तार्किक प्रतियोगियों के आयोजन से विद्यार्थियों के मानसिक ओर बौद्धिक विकास में सहायता मिलती है। उन्होंने बताया कि एंटरप्रेन्योरशिप द्वारा आर्थिक विकास को बढ़ावा व रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। इससे नवाचार को प्रोत्साहन, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और समाज में सकारात्मक बदलाव लाए जा सकते हैं। उद्यमियों को अपनी शर्तों पर काम करने का अवसर मिलता है और वे अपने जुनून को एक सफल व्यवसाय में बदल सकते हैं। इस प्रतिस्पर्धा के विषय ''अगले दशक में ई-कॉमर्स पारंपरिक खुदरा व्यापार को पूरी तरह से बदल देगा'' तथा ''कृत्रिम बुद्धिमत्ता जितने अवसर छीनेगी, उससे कहीं अधिक अवसर पैदा करेगी'' रहे। इस प्रतियोगिता में 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों के तर्क-वितर्क के आधार पर जज डॉ छवि मंगला व डॉ संगीता मलिक ने परिणाम घोषित किया। प्रतियोगिता विषय के पक्ष में प्रथम स्थान पर युक्ति, द्वितीय स्थान पर मिष्ठी तथा विपक्ष में प्रथम स्थान पर मीशा, द्वितीय स्थान पर वरूण रहे। सांत्वना पुरस्कार के रूप में प्रथम स्थान पर नव्या, द्वितीय स्थान पर पारूल तथा तृतीय स्थान पर कृशनांश रहे। इस अवसर पर मौजूद डिबेटिंग सोसाइटी की संयोजिका डॉ. शम्मी नागपाल, वाणिज्य विभाग की इंचार्ज डॉ. रेनू राठी व प्रबंधन, अर्थशास्त्र विभाग की इंचार्ज डॉ सुरुचि शर्मा व सहायक प्राध्यापक रितु, स्मृति, मानसी, डिम्पल, भावना, सीमा व दीपक ने विद्यार्थियों को इस तरह की प्रतियोगियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

Incharge
Department of Commerce

**Students of Commerce department visited at "Swadeshi Mela" at Conventional Hall, Flamingo, Haryana Tourism, Hisar on 23th August, 2025.**




Incharge

Department of Commerce




Incharge

Department of Commerce

# डी. एन. कॉलेज के वाणिज्य, प्रबंधन तथा अर्थशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों द्वारा स्वदेशी मेले का भ्रमण





**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 23 अगस्त :** दयानन्द महाविद्यालय के वाणिज्य, प्रबंधन व अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आज फ्लैमिंगो हरियाणा पर्यटन कॉम्पलैक्स, हिसार में आयोजित स्वदेशी मेला जिसकी थीम 'मेले में आएं स्वदेशी पाएं' का शैक्षणिक भ्रमण किया गया। शैक्षणिक भ्रमण पर जाने से पहले महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विक्रमजीत सिंह ने सभी विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस भ्रमण का उद्देश्य देश में बनी वस्तुओं और सेवाओं का उपयोग करना, भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने तथा रोजगार के अवसर पैदा करने के साथ-साथ राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता और संस्कृति का सम्मान करना है। वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ रेनू राठी व प्रबंधन तथा अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ सुरुचि शर्मा ने विद्यार्थियों के लिए इस शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन कराया। उन्होंने बताया कि वाणिज्य विभाग समय-समय पर छात्रों के लिए ऐसे शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन करावाता रहता है। इससे विद्यार्थियों की किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान में बढ़ोतरी होती है। इस स्वदेशी मेले में भ्रमण में वाणिज्य विभाग के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ निहारिका, स्मृति, भावना, मानसी, दीपक के नेतृत्व में विभिन्न प्रकार के स्वदेशी उत्पादों की जानकारी प्राप्त की।

Incharge
Department of Commerce

**Department of Commerce organized a "Slogan Writing Competition" to celebrate "World Entrepreneurship Day" on 25th August, 2025.**




Incharge
Department of Commerce




Incharge

Department of Commerce

# दयानन्द महाविद्यालय, हिसार में वाणिज्य, प्रबंधन व अर्थशास्त्र विभाग ने फाइन आर्ट क्लब के साथ 'विश्व उद्यमिता दिवस' के उपलक्ष्य में 'स्लोगन लेखन' प्रतियोगिता का आयोजन

-पाठकपक्ष न्यूज-





हिसार, 25 अगस्त : दयानन्द महाविद्यालय, हिसार में वाणिज्य, प्रबंधन व अर्थशास्त्र विभाग ने फाइन आर्ट क्लब के साथ 'विश्व उद्यमिता दिवस' के उपलक्ष्य में 'स्लोगन लेखन' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विक्रमजीत सिंह ने बताया कि स्लोगन लेखन प्रतियोगिता से विद्यार्थियों के बहुत लाभ हैं जिनमें जागरूकता फैलाना, रचनात्मकता और उनके अभिव्यक्ति कौशल को निखारना, उन्हें किसी विशेष मुद्दे या विचार से जोड़ना, और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना शामिल है। स्लोगन लेखन एक प्रभावी तरीका है जिससे किसी भी कार्यक्रम या सामाजिक संदेश को संक्षिप्त और यादगार तरीके से जन-जन तक पहुंचाया जा सकता है। इस प्रतियोगिता के विषय 'यूथ एंड एंटरप्रेन्योरशिप', 'डिजिटल एंड ग्रीन एंटरप्रेन्योरशिप', 'लोकल टू ग्लोबल' तथा 'ग्लोबल कॉम्पिटिशन' रहे। विद्यार्थियों के स्लोगन लेखन कौशल के आधार पर जज डॉ शम्मी नागपाल व डॉ सुरुचि शर्मा ने परिणाम घोषित किए। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सुलेखा तथा द्वितीय स्थान पर कशिश रहे। सांत्वना पुरूस्कार के रूप में प्रथम स्थान पर वरुण कुमार व द्वितीय स्थान पर भारती रहे। फाइन आर्ट क्लब की संयोजिका डॉ वलेरिया सेठी, वाणिज्य विभाग की इंचार्ज डॉ रेनू राठी व प्रबंधन एवं अर्थशास्त्र विभाग की इंचार्ज डॉ सुरुचि शर्मा व सहायक प्राध्यापक रेखा व भावना ने विद्यार्थियों को इस तरह की प्रतियोगियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

Incharge

Department of Commerce

**Department of Commerce organized a "Vichar Goshthi Competition" to celebrate "World Entrepreneurship Day" on 26th August, 2025.**




Incharge

Department of Commerce

# दयानन्द महाविद्यालय, हिसार में विश्व उद्यमिता दिवस के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी प्रतियोगिता का आयोजन



-पाठकपक्ष न्यूज-

हिसार, 27 अगस्त : दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के वाणिज्य, प्रबंधन व अर्थशास्त्र विभाग ने विश्व उद्यमिता दिवस के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विक्रमजीत सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है तथा उनके बोलने की क्षमता में सुधार होता है। विचार गोष्ठी भागीदारी से समूह में कार्य करने की आदत विकसित होती है तथा विभिन्न लोगों के विचार सुनने से नया ज्ञान प्राप्त होता है और उनकी सोच का दायरा बढ़ता है।

विचार गोष्ठी विशेषज्ञों और व्यक्तियों को एक ही मंच पर लाकर ज्ञान और अनुभव सांझा करने का अवसर प्रदान करती है। इस प्रतियोगिता के विषय ''ग्रीन एंड सस्टेनेबल बिजनेस इंडिया'', ''इन्नोवेटिव सॉल्यूशन फॉर रूरल इंडिया'' रहे।

विद्यार्थियों की विचार गोष्ठी के आधार पर जज डॉ सीमा बजाज, स्मृति व दीपक शर्मा ने परिणाम घोषित किए। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कृषांश, द्वितीय स्थान पर मिष्ठी रहे। सांत्वना पुरूस्कार के रूप में प्रथम स्थान पर दिव्यम रहे।

वाणिज्य विभाग की इंचार्ज डॉ रेनू राठी व प्रबंधन एवं अर्थशास्त्र विभाग की इंचार्ज डॉ सुरुचि शर्मा व सहायक प्राध्यापक डिंपल, मानसी व भावना ने विद्यार्थियों को इस तरह की प्रतियोगियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

Incharge

Department of Commerce

**Department of Commerce organized a "Poster Making Competition" to celebrate "World Entrepreneurship Day" on 27th August, 2025.**




Incharge

Department of Commerce



Incharge

Department of Commerce

# दयानन्द महाविद्यालय में वाणिज्य, प्रबंधन व अर्थशास्त्र विभाग ने फाइन आर्ट क्लब के साथ विश्व उद्यमिता दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन






**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 27 अगस्त :** दयानन्द महाविद्यालय, हिसार में वाणिज्य, प्रबंधन व अर्थशास्त्र विभाग ने फाइन आर्ट क्लब के साथ विश्व उद्यमिता दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विक्रमजीत सिंह ने बताया कि पोस्टर मेकिंग संदेशों को रचनात्मक और प्रभावशाली तरीके से संप्रेषित करने का एक प्रभावी माध्यम है, जो ध्यान आकर्षित करता है, जटिल विचारों को सरल बनाता है, और जागरूकता बढ़ाता है। इस प्रतियोगिता के विषय ''विचारों को उद्यमों में बदलना'', ''उद्यमिता युवा भारत का भविष्य'' तथा ''एक स्थायी सुविधा के लिए हरित उद्यमिता नवाचार'' रहे। विद्यार्थियों के पोस्टर मेकिंग कौशल के आधार पर जज डॉ शम्मी नागपाल व डॉ सुरुचि शर्मा ने परिणाम घोषित किए। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर जाह्नवी व द्वितीय स्थान पर खुशी रहे। सांत्वना पुरुस्कार के रूप में प्रथम स्थान पर दीपिका एवं द्वितीय स्थान पर भारती रहे। फाइन आर्ट क्लब की संयोजिका डॉ. वलेरिया सेठी, वाणिज्य विभाग की इंचार्ज डॉ. रेनू राठी व प्रबंधन एवं अर्थशास्त्र विभाग की इंचार्ज डॉ सुरुचि शर्मा व सहायक प्राध्यापक स्मृति, भावना ने विद्यार्थियों को इस तरह की प्रतियोगियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

Incharge
Department of Commerce

**Department organized a programme on "Interaction with Entrepreneurs" on 3rd September, 2025.**

# DAYANAND COLLEGE, HISAR

NAAC Grade A++

AFFILIATED TO GURU JAMBHESHWAR UNIVERSITY OF SCIENCE & TECHNOLOGY, HISAR

**Departments of Commerce, Management & Economics**


***Organize***

## Interaction with Entrepreneurs

**Worthy Entrepreneurs:**

**Sh. Dinesh Gupta**
**MKG Electronics**

**Sh.Sanjeev Gawri**
**Om Diesel Pvt. ltd.**



**Details:**
**Date: 3rd,September 2025**
**Time: 11:00am**
**Venue: Room No. 118**

**Dr. Renu Rathee**
Incharge
Department of Commerce

**Dr. Suruchi Sharma**
Incharge
Departments of Management &Economics

**Dr.Vikramjit Singh**
**Principal**

Incharge
Department of Commerce




Incharge

Department of Commerce

# डी.एन. कॉलेज में इंटरैक्शन विद एंटरप्रेन्योर्स कार्यक्रम का आयोजन

-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 3 सितम्बर :** दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के वाणिज्य विभाग प्रबंधन व अर्थशास्त्र विभाग द्वारा इंटरैक्शन विद एंटरप्रेन्योर्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री दिनेश गुप्ता, एमजी इलेक्ट्रॉनिक्स स्टेप्लाइजर व्यवसायी) एवं श्री संजीव गौरी (ओम डीजल प्रा. लिमिटेड - डीजल जेनरेटर व्यवसायी) उपस्थित रहे। सर्वप्रथम कॉलेज प्राचार्य डॉ विक्रमजीत सिंह, वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ रेनू राठी, प्रबंधन व अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ सुरुचि शर्मा ने पौधा देकर अतिथियों का कॉलेज में पधारने पर स्वागत किया। प्राचार्य महोदय ने कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को यह समझाना था कि उद्यमिता केवल व्यवसाय शुरू करना ही नहीं, बल्कि नयी सोच, जोखिम उठाने की क्षमता और समाज की जरूरतों को नए समाधान से पूरा करने की प्रक्रिया है। इसके पश्चात प्राचार्य महोदय ने मुख्यवक्ता से अपील की कि वह हमारे छात्रों को उद्यमिता के बारे में विस्तार से बताएं। इस कड़ी में





दोनों अतिथियों ने अपने सफल उद्यमी सफर को साझा करते हुए विद्यार्थियों को बताया कि संवाद के दौरान उद्यमियों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि किस तरह सही मार्गदर्शन, तकनीकी सहयोग और नवाचार के साथ कोई भी व्यक्ति अपनी विचारधारा को सफल व्यवसाय में बदल सकता है इस अवसर पर वाणिज्य विभाग की इंचार्ज डॉ रेनू राठी प्रबंधन एवं अर्थशास्त्र विभाग की इंचार्ज डॉ सुरुचि शर्मा सभी प्राध्यापकगण व सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

Incharge

Department of Commerce

**Department organized a workshop on “GST Filing & Compliance” on 11$^{th}$-12$^{th}$ Feb, 2026.**

# DAYANAND COLLEGE, HISAR

NAAC Grade A++

AFFILIATED TO GURU JAMBHESHWAR UNIVERSITY OF SCIENCE & TECHNOLOGY, HISAR

ESTD : 1950

**Department of Commerce**

***Organises***

## GST Filing and Compliance Workshop

**Eminent Speaker**



**Rajat Nagpal**

**Sr.Computer faculty**

**IECS Computer Education**

**Date: 11-12$^{th}$ February 2026**

**Time: 11:00 am**

**Venue: Room No. 118**

**Dr. Renu Rathee**
**Incharge**
**Department of Commerce**

**Dr.Vikramjit Singh**
**Principal**

Incharge
Department of Commerce




Incharge

Department of Commerce

# दयानन्द महाविद्यालय, हिसार में जीएसटी फाइलिंग एंड कंप्लायंस विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 13 फरवरी :** दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के वाणिज विभाग द्वारा जीएसटी फाइलिंग एंड कंप्लायंस विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में आईईसीएस कंप्यूटर एजुकेशन के वरिष्ठ प्रशिक्षक रजत नागपाल रहे। कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि जीएसटी कार्यशाला के आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कर संरचना में लगातार होने वाले बदलावों, अनुपालन नियमों और इनपुट टैक्स क्रेडिट की बारीकियों से अवगत कराना है। महाविद्यालय के प्राचार्य ने इस कार्यशाला की सफलता के लिए शुभकामनाएं अभिव्यक्त की। वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ रेनू राठी ने कार्यशाला में उपस्थित सभी अतिथियों व विद्यार्थिंयों का स्वागत किया तथा प्रशिक्षक को स्मृति चिन्ह व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यशाला के प्रथम दिन विद्यार्थियो ने व्यावसायिक कौशल के अंतर्गत वित्तीय लेन - देन, टैक्सेशन नियमों, दरों और फाइलिंग प्रक्रिया में समय-समय पर होने वाले बदलाव के बारे में सीखा। दूसरे दिन विद्यार्थियों को छोटे व्यवसायों को रिटर्न दाखिल करने, टैक्स फाइलिंग और अन्य जटिल प्रक्रियाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के सभी अध्यापकगण व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

Incharge
Department of Commerce